भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता का न्यायालय, सरायकेला।

अभिलेख सं0-टी0 ए0 मिस वाद सं0- 221B/2019-20

केस का प्रकार-(छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा 46(i)b)

सोमतरा देवी ....आवेदक / विक्रेता

बनाम

सुन्दरमनी महतो.................................क्रेता

दिनांक	पदाधिकारी का आदेश एवं हस्ताक्षर	अभ्युक्ति

8-07-2020

विक्रेता :— सोमतरा देवी पति स्व0 जयनाथ महतो, ग्राम—पान्ड्रा, थाना—सरायकेला, जिला—सरायकेला—खरसावाँ(झारखण्ड),जाति—कुर्मी।

क्रेता :— सुन्दरमनी महतो पति जितेन महतो, ग्राम—मुण्डादेव, थाना—कुचाई, जिला—सरायकेला—खरसावाँ (झारखण्ड), जाति—कुर्मी।

विक्रेता द्वारा दिनांक 15.02.2020 को आवेदन देकर छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा—46(i)b के तहत क्रेता सुन्दरमनी महतो पति जितेन महतो, ग्राम—मुण्डादेव, थाना—कुचाई, जिला—सरायकेला—खरसावाँ (झारखण्ड) को निम्नलिखित भूमि बिक्री करने हेतु अनुमति माँगी गयी है :—

:: **भूमि का विवरण** ::

मौजा	थाना / थाना नं0	खाता सं0	प्लॉट सं0	रकवा
बड़बील	सरायकेला / 280	4	136	5डि0

उक्त आवेदन के आलोक में अंचल अधिकारी, सरायकेला से जाँच प्रतिवेदन की माँग की गई। साथ ही साथ सर्वसाधारण को जानकारी हेतु आम ईस्तेहार निर्गत किया गया।

अंचल अधिकारी, सरायकेला का पत्रांक 584 दिनांक 26.06.2020 के द्वारा जाँच प्रतिवेदन प्राप्त है(अभिलेख के साथ संलग्न)। जाँच प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट है कि :—

1. प्रस्तावित भूमि बिक्रेता के पति जयनाथ महतो के नाम से क्रय की गई भूमि है।
2. बिक्रेता अपने पति के मृत्यु के पश्चात आंशिक भूमि को बिक्री करना चाहती है।
3. प्रस्तावित भूमि बिक्री करने के पश्चात् बिक्रेता के पास रकवा—2.19 एकड़ भूमि शेष बचेगा।
4. बिक्रेता पारिवारिक खर्च हेतु भूमि बिक्री करना चाहती है।
5. बिक्रेता एवं क्रेता दोनों एक ही जिला के निवासी है एवं जाति—'कुर्मी' है, जो अत्यंत पिछड़ा वर्ग के अन्तर्गत आते है।

उपरोक्त प्रतिवेदन में अंचल अधिकारी, सरायकेला ने छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत आवेदक को प्रस्तावित भूमि बिक्री करने की अनुमति देने की अनुशंसा किया है।

न्यायालय द्वारा दिनांक 15.02.2020 को निर्गत आम सूचना का तामिला प्रतिवेदन प्राप्त है। आज तक किसी ने कोई आपत्ति दायर नहीं की है।

अतः अंचल अधिकारी, सरायकेला के अनुशंसा के आलोक में बिक्रेता सोमतरा देवी पति स्व0 जयनाथ महतो, ग्राम–पान्ड्रा, थाना–सरायकेला, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) क्रेता सुन्दरमनी महतो पति जितेन महतो, ग्राम–मुण्डादेव, थाना–कुचाई, जिला–सरायकेला–खरसावाँ (झारखण्ड) को उभय पक्ष के निजी दायित्व पर ऊपर वर्णित रकवा–5डि0 भूमि बिक्री करने की अनुमति छोटानागपुर काश्तकारी अधिनियम 1908 की धारा–46(i)b के तहत दी जाती है तथा आदेश दिया जाता है कि प्रस्तावित भूमि की बिक्री सरकार द्वारा निर्धारित दर से कम में नहीं करेंगे।

लेखापित,

भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।

08/07/2020
भूमि सुधार उप समाहर्त्ता,
सरायकेला।